**प्रादेशिक समाचार एकांश**
**आकाशवाणी, भोपाल**

**दिनांक: 29.12.2025** **समय : 02.10PM**

**मुख्यमंत्री लोकार्पण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज दोपहर उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के अन्तर्गत विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमि पूजन और लोकार्पण करेंगे। इसके अलावा मुख्यमंत्री डॉ यादव उत्कर्ष उज्जैन.कॉम पोर्टल का अनावरण एवं कौशल सेतु इंडस्ट्री लेड स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम और प्रोजेक्ट स्वाध्याय का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री यहां 129 करोड़ 36 लाख रुपये से अधिक के विकास कार्यों एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे।

**सामाजिक न्याय**

सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने आज भोपाल में आयोजित पत्रकार वार्ता में अपने विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की स्माइल योजना के अन्तर्गत प्रदेश के शहरों को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने का प्रयास जारी है। वहीं उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री इंदर सिंह परमार ने अपने विभाग की दो वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि राज्य में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए तीन नये विश्वविद्यालयों की स्थापना सहित कई कार्य किये गये है।

**विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम**

विकसित भारत–रोजगार और आजीविका मिशन गारंटी (ग्रामीण) – विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम के तहत अधिकांश राज्यों को पिछले सात वर्षों के औसत आवंटन की तुलना में 17 हजार करोड़ रुपये अधिक आवंटित होने की संभावना है। इस अधिनियम ने 20 साल पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम 2005 का स्थान लिया है।

भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष की एक शोध रिपोर्ट में कहा गया है कि विकसित भारत–जी राम जी अधिनियम का उद्देश्य सभी स्तरों पर रोजगार सृजन, पारदर्शिता, नियोजन और जवाबदेही को सुदृढ़ करते हुए संरचनात्मक कमजोरियों को दूर करना है।

**ईयर एंडर–टैक्स रिफॉर्म्स**

**वर्ष 2025 भारत की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण अध्याय रहा है। इस वर्ष कई नीतियों को कार्यरूप दिया गया और इनके माध्यम से प्रगति को साकार बनाया गया। आज विशेष श्रृंखला– सुधारों का वर्ष में हम रक्षा क्षेत्र में हुई प्रगति की चर्चा कर रहे हैं।**

## संक्षिप्त समाचार

1– उत्तर भारत से आ रही बर्फीली हवाओं के चलते प्रदेश के कई जिलों में शीतलहर का प्रकोप जारी है।

2– जबलपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में पुलिस द्वारा किशोर–किशोरियों को महिला हिंसा रोकथाम से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी प्रदान की गई।

———————————